


# मैं हेमंत सोरेन शपथ लेता हूं कि...

## हेमंत सोरेन ने झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

बंशीधर न्यूज





**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार शाम 4:11 बजे हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। हेमंत सोरेन ने राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। यह उनका मुख्यमंत्री के रूप में यह चौथा कार्यकाल होगा। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर मोरहाबादी मैदान पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

नगर के मोहराबादी मैदान पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार के मंच पर पहुंचने के बाद राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद और गोप्नीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मंच पर हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन एवं मां रूपी सोरेन मौजूद रहीं। पिता के ठीक बगल में हेमंत सोरेन तो उनकी मां के बगल में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौजूद बैठी थी। मंच पर हेमंत सोरेन के बगल में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी बैठे। गांधी के ठीक बगल में हेमंत सोरेन की पत्नी व विधायक कल्पना सोरेन मौजूद रहीं। इसके अलावा अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल समेत इंडी गठबंधन के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय तमाम नेता मौजूद रहे। यह मंच इंडी गठबंधन की एकजुटता का एहसास करा रहा था।

### ऐतिहोसिक जीत हुई गठबंधन की

उल्लेखनीय है कि झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन को ऐतिहासिक जीत मिली है। जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी और भाकपा-माले को 81 में से 56 सीटों पर जीत मिली। इसमें जेएमएम को 34, कांग्रेस को 16, आरजेडी को 4 और भाकपा-माले को 2 सीटें मिली हैं। इस चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 24 सीट मिली हैं। इस बार के विधानसभा के चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की यह बड़ी जीत है। जेएमएम का यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### रिकार्ड चौथी बार सीएम बने हेमंत सोरेन

हेमंत सोरेन के झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही राजनीतिक इतिहास में उनके नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हो गए। वह राज्य के 24 वर्षों के अब तक के इतिहास में चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले पहले राजनेता बन गए। इसके पहले उनके पिता शिबू सोरेन और भारतीय जनता पार्टी के अर्जुन मुंडा तीन-तीन बार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ चुके हैं।

### 2013 में पहली बार ली थी शपथ

हेमंत सोरेन ने पहली बार 13 जुलाई 2013 को झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन के सहयोग से बनी सरकार में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इस सरकार का कार्यकाल 23 दिसम्बर 2014 तक था। दूसरी बार उन्होंने 29 दिसम्बर 2019 को शपथ ली थी। 31 जनवरी 2024 को ईडी की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। जमानत पर बाहर आने के बाद 4 जुलाई 2024 को उन्होंने तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। हेमंत सोरेन का नाम झारखंड के ऐसे पहले मुख्यमंत्री के तौर पर दर्ज हो रहा है, जिन्होंने लगातार दूसरी बार सरकार में वापसी की है। बरहेट सीट से लगातार तीसरी बार जीते हैं हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गमलियल हेम्ब्रम को 39,791 मतों के अंतर से हराकर बरहेट सीट पर जीत दर्ज की। इससे पहले सोरेन दो बार इसी सीट से विधानसभा का चुनाव जीत चुके हैं।

## झारखंड कैबिनेट में सात प्रस्तावों पर मुहर, सदन का विशेष सत्र 9 दिसंबर से

# मंईयां योजना के लाभुकों को 2500 रुपये

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को पहली कैबिनेट में विधानसभा के विशेष सत्र के आयोजन की स्वीकृति दे दी है। विधानसभा का विशेष सत्र 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार का विश्वास मत हासिल करेंगे। विशेष सत्र के लिए स्टीफन मरांडी को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया है। इस कैबिनेट में कुल सात निर्णय लिए गए।



कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रोजेक्ट भवन में पत्रकारों को कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। एक-दो दिनों में मंत्रिमंडल विस्तार की संभवना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जल्द ही झारखंड में बहुमत की सरकार का गठन होगा, एक-दो दिनों के अंदर ही मंत्रिमंडल का विस्तार संभव है। सरकार बहुत ही मजबूती से आने वाले दिन में काम करेगी, मुख्यमंत्री सोरेन ने बताया कि राज्य का राजस्व बढ़ाने पर खनन के विभिन्न दरों की समीक्षा की जाएगी। खनन पर लगने वाले टैक्स को बढ़ाने पर विचार किया जाएगा, इसके लिए कमेटी बनेगी।

### कैबिनेट में इन पर भी लगी मुहर

■मंईयां सम्मान योजना के तहत दिसंबर से हर हाल में 2500 रुपये समान राशि देने का भी फैसला हुआ।

■असम के चाय बागानों में कार्यरत झारखंडियों की सुविधाओं के लिए एक विशेष सर्व दलीय समिति बनेगी और उसकी रिपोर्ट झारखंड सरकार को सौंपेगी।

■असम चाय बगान में काम रहे झारखंड के मूलवासियों की स्थिति को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल असम जाएगा

■वित्त विभाग को ये निर्देश दिया गया कि वह कोषांग गठित करें जो भारत सरकार के पास लंबित एक लाख 36 करोड़ रुपये लाने का कार्य करें। इसके लिए कानूनी कार्रवाई करें।

■जेपीएससी और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का वार्षिक परीक्षा कैलेंडर 1 जनवरी 2025 से पहले जारी करने का निर्देश दिया गया।

■शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो की माता हुलासी देवी को 10 लाख का चेक देने और उनके भाई बलराम महतो को नियुक्ति पत्र सौंपा। अर्जुन असम में 22 नवंबर को एक मुठभेड़ में बलिदान हो गए थे।

## झारखंड के नये प्रभारी डीजीपी बने अनुराग गुप्ता

**रांची।** झारखंड सरकार ने सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता को प्रभारी डीजीपी बनाया है। इस संबध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार रात अधिसूचना जारी कर दी है। वह एसीबी और सीआईडी के डीजी के भी अतरिक्त प्रभार में बने रहेंगे। वहीं डीजीपी के पद पर पदस्थापित अजय कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक झारखण्ड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसीप्रकार देवघर जिले के झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-5 के समादेष्टा अजीत पीटर डुंगडुंग को स्थानांतरित करते हुए अगले तक देवघर का एसपी बनाया गया है। डुंगडुंग अपने कार्यों के अतिरिक्त देवघर जिले के झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-05 समादेष्टा के भी प्रभार में रहेंगे। साथ ही देवघर के एसपी अम्बर लकड़ा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक धनबाद जिले के गोविन्दपुर के झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-03 के समादेष्टा के पद पर नियुक्त किया गया है। लकड़ा अपने कार्यों के अतिरिक्त धनबाद रेल के एसपी के प्रभार में रहेंगे।



# ठोडा गेम के लिये संत मरियम के छात्र हिमाचल रवाना

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** संत मरियम आवासीय विद्यालय के 7 विद्यार्थी प्रीतम राज, अंश कुमार, अंकित कुमार, विशाल कुमार, अभय कुमार, नैतिक राज गुप्ता, प्रीतम मेहता आज ठोडा नेशनल गेम में भाग लेने के लिये जयपुर के लिये रवाना हुये। ठोडा हिमाचल प्रदेश में तीरंदाजी एक भारतीय रूप है, जिसमें नृत्य और संगीत के तत्व शामिल होते हैं। ठोडा का उद्देश्य दो विरोधी टीमों द्वारा दूसरी टीम के पैरों पर तीर चलाना होता है। मौके पर स्कूल के निर्देशक अविनाश देव ने कहा कि खेलकूद बच्चों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की कला सिखाता है। हार और जीत जीवन की दो पहलू है जो खेल प्रतियोगिता हमे सिखाता है। वही मौके पर संत मरियम स्कूल के शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन ने कहा कि ठोडा खेल हिमाचल प्रदेश राज्य से संबंधित मार्शल आर्ट का एक रूप है। एक व्यक्ति को इस खेल में भाग लेने के लिये तीरंदाजी में विशेषज्ञता हासिल करने की आवश्यकता होती है। धनुष और तीर इस खेल को खेलने के लिये आवश्यक मुख्य हथियार हैं। इस खेल का उद्देश्य एक तरफ लगातार लेग-किकिंग के साथ अत्यधिक ऊजार्वान माहौल बनाना है और दूसरे पर टारगेट को हिट करने का निरंतर प्रयास है। इस नेशनल प्रतियोगिता से ही बच्चों का चयन 38 व नेशनल गेम में किया जायेगा।

## न्यूज अपडेट्स

### भाग रहे कंटेनर को रुकवाया, 36 मवेशी बरामद

**मेदिनीनगर :** एनएच 98 कउवल उदयगढ़ मोड़ बाईपास के पास से छतरपुर थाना के पुअनि शिवनाथ हरिजन के नेतृत्व में निकले रात्रि गस्ती टीम ने एक कंटेनर (यूपी21सीटी 6802) से 24 भैंस व 12 भैंसा जीवित अवस्था में तथा 01 भैंस व 01 भैंसा मृत अवस्था में बरामद किया है। इस संबंध में छतरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मिली सूचना के आधार पर रात्रि गस्ती टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान रात्रि करीब 02 बजे नावाबाजार की तरफ से आ रहा एक कंटेनर दिखा। पुलिस बल ने कंटेनर चालक को रुकने का इशारा किया, लेकिन वह कंटेनर को और तेजी से भगाने लगा। पुलिस बल ने पीछा कर उसे एनएच 98 दिनादाग के पास रोका। इस बीच गाड़ी का चालक एवं उसका सहयोगी गाड़ी से कूदकर अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने कंटेनर समेत उस पर लदे पशुओ को जब्त कर थाना लाया है। इस संबंध में कंटेनर मालिक, चालक एवं सहयोगी के विरुद्ध छत्तरपुर थाना कांड सं0- 207/ 2024 दर्ज किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में एक घायल

**रंका :** थाना क्षेत्र के पूरेगड़ा गांव निवासी जगदीश कोरवा का पुत्र शिवपूजन कोरवा 35 वर्ष बाईक दुर्घटना में घायल हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शिवपूजन कोरवा चिनिया गांव किसी काम से गया हुआ था। चिनिया गांव से वापस अपने घर लौटने के दौरान डोली पखल जंगल के पास हाथियों का झुंड था। हाथी की झुंड ने जब आवाज लगाया तो शिवपूजन कोरवा डर गया जिससे उसकी बाईक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

अपराध

## अंजू हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

# पड़ोसी ने ओझा गुनी के चक्कर में की थी हत्या

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** तरहसी थाना पुलिस ने 24 नवंबर की देर रात थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वास्थ्य सहिया अंजू देवी की हत्या मामले का खुलासा कर दिया है। उसकी हत्या अंजू के पड़ोसी 21 वर्षीय चंदन कुमार, पिता श्यामबिहारी महतो ने ओझा गुनी के चक्कर में कर दी थी। दरअसल आरोपी चन्दन कुमार और उसके पिता को अचानक थरथराने की बीमारी होती है तथा उसकी मां और स्वयं को भी हमेशा कुछ न कुछ रोग-बीमारी होते रहता है। 30 व 31 अक्टूबर 2024 को चन्दन कुमार अपना गाड़ी चलाकर जा रहा था। इन दोनों दिन लगातार दुर्घटना मे बकरी का नुकसान हुआ, जिस कारण उसे मुआवजा देना पड़ा। इस



बात से परेशान आरोपी चन्दन कुमार बागला निवासी ओझा गुणी करने वाली महिला मालती देवी पति-रामकृत भुईंया के पास गया। मालती देवी ने चन्दन को बताया कि यह नुकसान तुम्हारे घर से सटा हुआ रहनेवाली स्वजातीय अंजु देवी के द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद चन्दन ने अंजु देवी को अकेला पाकर गला दबाकर कुंआ मे डालकर घटना को अंजाम देने की योजना बनाई। 24 नवंबर की रात आरोपी चंदन बिमार होने का बहाना बनाकर अंजू देवी के घर में घुसा लेकिन तब तक उसकी गोतनी की आवाज सुनकर वह जल्दबाजी मे पहसुल से गला रेत कर हत्या कर दिया। इस संबंध में तरह से थाना प्रभारी ने बताया कि पारपाईन गांव निवासी मृतका अंजु देवी के पति अनुप कुमार के आवेदन के आधार पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू किया। इस दौरान पुलिस को पता चला कि मृतका के घर के बगल का रहनेवाला चन्दन कुमार घटना के वक्त अपने घर में नही था साथ ही उसकी स्थिति संदेहास्पद लग रही थी। अनुसंधान के क्रम में चन्दन कुमार से पुछताछ के दौरान यह पाया गया कि चन्दन कुमार के गले मे नाखुन का खरोंच लगा हुआ है तथा घटना स्थल पर स्निफर डॉग आने की सुचना पर उसके द्वारा गुगल मे स्निफर डॉग से बचने का उपाय का सर्च हिस्ट्री पाया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों चन्दन कुमार व मालती देवी को बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत तरहसी थाना कांड सं0-84/24 दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## सांसद विष्णु दयाल के प्रयासों ने दिखलाया रंग, शहरी पेयजल आपूर्ति फेज-टू के कार्य की प्रगति तेज

### 24,711 घरों को मिलेगा मुफ्त पानी

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पिछले कई वर्षों से शहर में व्यापत पेयजल संकट का समाधान अब जल्द होने के आसार बढ़ गये हैं। पिछले कई वर्षों से अधर में पड़ी पेयजल आपूर्ति योजना के फेज-टू का कार्य न सिर्फ शुरू हो चुका है, बल्कि प्रगति पर है। इस प्रोजेक्ट के पूरा हो जाने के बाद मेदिनीनगर



शहर के करीब 24711 घरों को पीने के पानी की आपूर्ति संभव हो सकेगी। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम अपने पिछले ही कार्यकाल से इस प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने की दिशा में प्रयासरत थे। बताया गया है कि इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत 165 करोड़ रुपये है। एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा इसके लिये धन राशि उपलब्ध करायी गयी है। इस कार्य को 2 साल के अंतर्गत पूरा करना है। इस प्रोजेक्ट से 1 लाख 23 हजार की आबादी लाभान्वित होगी एवं 24,711 घरों में निःशुल्क वाटर कनेक्शन देना है। साथ ही साथ इसका निर्माण कराने वाले कंपनी द्वारा 5 साल तक इस प्रोजेक्ट का संचालन एवं रखरखाव किया जायेगा। बताया जाता है कि इस प्रोजेक्ट पर मेदिनीनगर नगर निगम पर कोई वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। इसके साथ-साथ इस प्रोजेक्ट में शुद्ध जलापूर्ति के लिये वाटर ट्रिटमेंट प्लांट भी लगाया जायेगा जो 17 मिलियन लीटर प्रतिदिन पानी साफ करेगा। जलापूर्ति के लिये विभिन्न स्थानों पर चार टंकी बनाने का कार्य चल रहा है। बताते चले कि इस प्रोजेक्ट के लिये प्रयासरत्त सांसद श्री राम जुडको के पदाधिकारियों से लगातार सम्पर्क बनाये हुये थे। प्रोजेक्ट निदेशक उत्कर्ष मिश्रा के द्वारा हर स्टेज पर सहयोग मिल रहा था। सचिव नगर विकास, झारखंड सरकार ने भी इस योजना की स्वीकृति में हर संभव मदद की। इसके लिये सांसद श्री राम ने उपरोक्त पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुये उनसे इस प्रोजेक्ट का कार्य निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूर्ण कराने का अनुरोध किया है।

## अबुआ सरकार बनने की खुशी में झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**मेराल :** झारखंड में अबुआ सरकार बनने तथा हेमंत सोरेन को 14 वें मुख्यमंत्री बनने की खुशी में गुरुवार की शाम में मेराल बस स्टैंड पर झामुमो कार्यकताओं ने जमकर जश्न मनाया। युवा कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की, बम पटाखे फोड़े तथा अपने नेता शिबू सोरेन जिंदाबाद, हेमंत-कल्पना जिंदाबाद, मिथिलेश कुमार ठाकुर जिंदाबाद के पक्ष में खूब नारे लगाये। जश्न मनाने वालों में युवा प्रखंड अध्यक्ष ज्ञान रंजन मिश्रा, व्यवसायी मोर्चा के उपाध्यक्ष नवीन जायसवाल, पंकज जायसवाल, गोलू जायसवाल, ज्ञान प्रकाश जायसवाल, शमीम अंसारी, रविंद्र राम, रामाशीष राम, प्रभु कांत सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

## श्रमदान कर की गयी मदरसे की छत की ढलाई



**मेराल :** प्रखंड के बाना गांव स्थित गौसिया सेराजे मिल्लत मदरसा के छत की ढलाई बुधवार को गांव के मुस्लिम धर्मावलंबियों ने श्रमदान किया। बता दें कि मदरसा का निर्माण गांव के लोगों द्वारा सामूहिक सहयोग से किया गया है। निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने वाले लोगों ने कहा कि मदरसा के निर्माण हो जाने से बाना सहित आसपास गांव के बच्चे उर्दू की शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। सदर इशहाक अंसारी ने निःशुल्क जमीन दाता शमसुद्दीन अंसारी तथा सक्रिय भूमिका निभाने वाले इमाम मौलाना सिराज अंसारी को निर्माण कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आभार व्यक्त किया। बताया गया कि गांव पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं तथा बच्चों ने भी अपने सामर्थ्य के अनुसार पैसा, गहना तथा अन्य आवश्यक सामग्री देकर ढलाई कर को पूरा करने में अपनी सहभागिता निभाई। निर्माण कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने वालों में सेक्रेटरी मुस्ताक अंसारी, खजांची रियाज अंसारी, मोहम्मद अजहर, एजाज अंसारी, सरताज अंसारी, सफीक अंसारी, वकील अंसारी आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## बच्चों को संरक्षण की जरूरत : पीडीजे



**मेदिनीनगर :** नालसा नई दिल्ली व झालसा रांची के निदेर्शानुसार पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा नीरज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में गुरुवार को नालसा स्कीम चाईल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रन स्कीम 2024 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पीडीजे नीरज कुमार श्रीवास्तव ने द्वीप जलाकर किया। इस मौके पर पीडीजे नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में अभिवंचित, बेसहारा व अनाथ बच्चों का अधिकार सुनिश्चित करने की जरूरत है। बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने को लेकर नालसा के निर्देश पर गठित लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रेन के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चे जिन्हें तत्काल सहायता की जरूरत है। उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संरक्षण देना है। इसके लिये बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण निकाय, जुबेनाइल जस्टिस बोर्ड के तालमेल से गठित टीम को बेहतर सेवा प्रदान करने की जरूरत है। इस मौके पर सीजेएम आनंद सिंह, निशिकांत जेएम, कमल प्रकाश रजिस्ट्रार, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, अधिवक्ता वीणा मिश्रा, हुसैन वारिस, ज्ञान रंजन, संजीव कुमार सिंह, मुक्ति नाथ तिवारी, सुधा कुमारी, विक्रम सहाय, संजय कुमार सिन्हा, के अलावे पीएलभी सुचिता एक्का, माया कुमारी, रंजना कुमारी, करण कुमार थापा, कुसुमलता देवी, शैल शिखा, प्रेमलता कुमारी, सूचित कुमार, देवराज शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## अलग-अलग ट्रैक में दौड़ेंगे अभ्यर्थी, मजिस्ट्रेट की रहेगी तैनाती

# चौकीदारी नियुक्ति के लिये शारीरिक दक्षता 30 को

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में चौकीदारी नियुक्ति को लेकर 30 नवंबर को शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जाएगी। शारीरिक दक्षता कार्यक्रम पूर्वाह्न 7 बजे से स्थानीय चियांकी हवाई अड्डा में आयोजित होगा। इसे लेकर डीसी शशि रंजन ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने नगर आयुक्त को पूरे आयोजन को निष्पक्ष रूप से आयोजित कराने को लेकर कई निर्देश दिये। श्री रंजन ने कहा कि 30 नवंबर



को आयोजन स्थल पर कोई भी बाहरी व्यक्ति की मौजूदगी ना रहे, यह सुनिश्चित होना चाहिये। साथ ही आयोजन स्थल पर दौड़ में भाग लेने हेतु अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड के अलावा कोई एक पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने पूरे प्रक्रिया की नॉनस्टॉप वीडियोग्राफी कराने की बात कही। बैठक में कहा गया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा को लेकर अभ्यार्थियों के दौड़ने को लेकर अलग-अलग ट्रैक बनाया जायेगा। स्टॉप वाच के माध्यम से दौड़ की अवधि को कैलक्यूलेट किया जायेगा। वहीं ड्रोन से निगरानी भी रखी जायेगी। विधि-व्यवस्था के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी की प्रतिनियुक्ति भी की जायेगी। बैठक में सभी पदाधिकारियों व विभिन्न कर्मचारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गयी। मौके पर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# मझिआंव : बाल विवाह की रोकथाम के लिये रामपुर पंचायत में निकाला गया कैंडल मार्च




बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा बाल विवाह के रोकथाम के लिये कड़ी मुहीम चलाई जा रही है और जागरूकता को लेकर हर तरह से कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी मुहीम में मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत में बाल विवाह को रोकने के उद्देश्य से पंचायत की मुखिया कुमारी छाया के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। यह कैंडल मार्च जाहरसराय गांव से शुरू हुई और आसपास के कई गांवों में निकाली गई। इस कैंडल मार्च में दर्जनों महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम एनजीओ के तहत किया गया। कैंडल मार्च के दौरान शपथ भी लिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। शपथ दौरान यह वादा लिया गया कि वे बाल विवाह रोकने के हरसंभव प्रयास करेंगे, अपने परिवार, पड़ोस और समुदाय में किसी बालिका का बाल विवाह नहीं होने देंगे और ऐसी किसी भी घटना की सूचना पंचायत, प्रखंड के साथ साथ सरकारी पदाधिकारियों को देंगे। साथ ही इस दौरान सभी लोगों ने बच्चों को अच्छी शिक्षा और सुरक्षा देने के लिये अपनी आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान, प्रखंड एनजीओ अंजली सिंह, विवेक सिंह, नंदू ठाकुर सहित अन्य कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का शुरू होगा पुनः परिचालन



**मेदिनीनगर :** बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 05653/03654 का परिचालन 01 दिसम्बर 2024 से पुनः शुरू होगा। उस दिन रात्रि 2:30 बजे डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम उक्त ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस संबंध में रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। बता दें कि सांसद श्री राम ने लोकसभा में नियम 377 एवं शून्य काल के तहत मामले को लगातार उठाया गया था। साथ ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर कोविड-19 के दौरान बंद कर दी गई बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन पुनः शुरू करने की मांग की थी। इस ट्रेन का परिचालन शुरू होने से पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर ऊंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों को आवागमन में आसानी होगी। सांसद श्री राम ने इसके लिये पीएम नरेन्द्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का अभार प्रकट किया है।

## सभा

### भानू ने श्री बंशीधर नगर की जनता का जताया आभार

# चुनाव हारा हूं, हौसला नहीं : भानू प्रताप शाही

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** पूर्व मंत्री भानू प्रताप शाही ने विधानसभा चुनाव में श्री बंशीधर नगर प्रखंड की जनता की ओर से उन्हें अपार स्नेह एवं समर्थन देने के लिये उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है। वे गुरुवार को स्टेशन रोड स्थित भाजपा कार्यालय में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भले ही इस बार वे चुनाव हार गये हैं, लेकिन हम हिम्मत नहीं हारे हैं। जिस हिम्मत के साथ श्री बंशीधर नगर प्रखंड की जनता ने विषम परिस्थिति में भी उनका साथ दिया है उसके लिये सभी को चरण छूकर प्रणाम करते हुये धन्यवाद देता हूं। श्री शाही ने कहा कि हमारी जनता और कार्यकर्ता बिल्कुल उदास ना हो मैं पहले भी उन लोग के साथ था और चुनाव हारने के बाद भी सभी के साथ रहूंगा। किसी भी विषम परिस्थिति में मैं उनके पीठ पर खड़ा हूं। हमारे कोई भी लोग अपने आप को कमजोर ना समझे और ना ही उदास हो। उन्होंने कहा कि वे सेवा भाव से ईमानदारी पूर्वक क्षेत्र के विकास के लिये अपने कार्यकाल में अनवरत कार्य किये हैं और जब तक शरीर में खून है तब तक वे करते रहेंगे। इस बार के चुनाव में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत किया है। वहीं क्षेत्र की जनता ने भी भरपूर समर्थन दिया है। श्री शाही ने कहा चुनाव में हार जीत तो लगी रहती है। वे चुनाव हारे हैं, हौसला नहीं हारे हैं। उन्होंने चुनाव में जीते हुये प्रत्याशी अनंत प्रताप देव को बधाई दी है और कहा है कि जो उन्होंने बेरोजगारों को रोजगार भवनाथपुर में पावर प्लांट खुलवा कर देने का वादा किया है वह उसे पूरा करें और हमारे मजदूर भाई को पलायन करने से रोकें। अब अगर हमारे क्षेत्र में किसी भी एक मजदूर भाई की बाहर से लाश आती है तो इसका जिम्मेदार अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी होंगे। इसलिये उन्होंने जो झूठा वादा कर जनता को ठगने का काम किया है उसे पूरा करके दिखाये। मौके पर शारदा महेश प्रताप देव, भगत दयानंद यादव, राजीव रंजन तिवारी, लक्ष्मण राम, शैलेश चौबे, मुकेश चौबे, विकास स्वदेशी, कनिष्क कुमार, विकास पाण्डेय, विजयालक्ष्मी सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे।



## करमडीह फोर लेन पर कार व बाईक की भीषण टक्कर में पांच घायल

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** थाना क्षेत्र के करमडीह मोड़ फोरलेन पर कार एवं बाईक की भीषण टक्कर में पांच लोग घायल हो गये। घायलों में कार सवार गढ़वा थाना क्षेत्र के बघौता गांव निवासी धर्मेंद्र प्रसाद (35), उनकी मां शकुंतला देवी (62), पुत्री दीपांजलि कुमारी (17), बाईक सवार रमना गांव निवासी आकाश चंद्रवंशी (32) व गोबिंद कुमार यादव (30) के नाम शामिल हैं। घटना के तुरंत बाद घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कार सवार परिवार शादी समारोह में शामिल होने मेदिनीनगर जा रहे थे। जबकि बाईक सवार युवक शादी के निमंत्रण कार्ड बांटकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान करमडीह फोरलेन पर दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई। घायलों का ईलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जहां से आकाश चंद्रवंशी और धर्मेंद्र प्रसाद की गंभीर स्थिति को देखते हुये चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिये हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को छानबीन शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी से निष्कासित किये गये मुकेश तिवारी

**मेदिनीनगर :** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी सदस्यों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुये सर्वसम्मति से राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश सचिव मुकेश तिवारी को संगठन से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि मुकेश तिवारी को आपत्तिजनक एवं अमर्यादित टिप्पणी करने का दोषी पाया गया है। पूर्व से भी उनके द्वारा संगठन की गरिमा एवं मर्यादा को भंग कर टिप्पणी करने की शिकायतें मिल रही थी। बुधवार को ऑफिशियल व्हाट्सएप्प ग्रुप में अमर्यादित टिप्पणी का दोषी पाये जाने पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुये मुकेश तिवारी को पदमुक्त करते हुये संगठन से निष्कासित कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि संगठन का कार्य हमेशा से एक दुसरे का साथ, सहयोग व सम्मान से चलता है। जिसे भंग करने का अधिकार किसी को नहीं है। यह कार्रवाई संगठन से ऊपर समझने वालों के लिये नसीहत है। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी धर्म एवं समाज के लिये निःस्वार्थ भाव से कार्य करती रहेगी। सेवा देने वाले स्वयंसेवकों का स्वागत है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय, रमेश शुक्ला, प्रदीप दुबे, प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, प्रवक्ता संजय मिश्रा, युवा वाहक संजय पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, चंदन तिवारी, हिमांशु पाण्डेय, अमित पाण्डेय, सौरभ दुबे आदि मौजूद थे।

## संदेहास्पद स्थिति में महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**रमना :** रमना थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित मस्जिद टोला निवासी जन्नत अंसारी की 25 वर्षीय पत्नी रिजवाना खातून की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गई है रिजवाना का शव गुरुवार की अहले सुबह घर में फांसी के फंदे से लटकता हुआ पाया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची रमना थाने की पुलिस ने स्वजनों की उपस्थिति में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये गढ़वा स्थित सदर अस्पताल भेजते हुये घटना की छानबीन आरंभ कर दिया है हलांकि समाचार लिखे जाने तक मामले का खुलासा नहीं हो सका है। मृतका रिजवाना के पिता शकील अंसारी के मुताबिक रिजवाना के ससुरवाले हमेशा प्रताड़ित किया करते थे, जिससे रिजवाना हमेशा परेशान रहती थी। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है। जांचोप्रांत नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी।

## हाटदोहर की युवती ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**रंका :** थाना क्षेत्र के हाटदोहर गांव निवासी अजय गोड़ की पुत्री आरती कुमारी 18 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार आरती की मां लकड़ी लेने घर से जंगल की ओर गई थी। पिता गाय को भूसा देने गये थे। आरती घर में अकेले थी। खाना बनाकर आरती अकेले अंदर से रुम को बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब आवाज लगाने पर आरती ने दरवाजा नहीं खोला तो दरवाजा तोड़कर देखा तो आरती फंसी के फंदे से झूल रही थी। उसके बाद उसके पिता ने आरती को रंका स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर परिजनो को सौप दिया है।

## भानू ने विशुनपुरा के कार्यकर्ताओं व क्षेत्र की जनता का जताया आभार

# मैं सदैव मतदाताओं का ऋणी रहूंगा : शाही

बंशीधर न्यूज

**विशुनपुरा :** पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने गुरुवार को विशुनपुरा प्रखण्ड अंतर्गत पिपरी खुर्द गांव स्थित चौपाल में पहुंच कर अपने समर्थकों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की जनता के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा की आपने जो विपरीत परिस्थिति में भी भाजपा के लिये काम किया है और पिछले चुनाव से भी अधिक वोट दिलवाने का काम किया है इसके लिये आभार प्रकट करता हूं। शाही ने कहा की विशुनपुरा प्रखंड की जनता ने जो मुझे 6300 वोट देकर मुझे जनादेश दिया है उसका वे सदैव ऋणी रहुंगा। प्रखंड के सभी लोगों के हर दुःख सुख में उपस्थित होकर उनका पीठ पुराऊंगा। कार्यकर्ताओं को हताश व परेशान होने की जरुरत नहीं हैं। क्योंकि आपकी मेहनत और संघर्ष के बदौलत ही पिछले बार से भी अधिक 1 लाख 24 हजार 803 मत मिले हैं। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता भगत दयानंद यादव, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, भाजपा नेता शैलेश चौबे, प्रवीण सिंह, कृपाल सिंह, मण्डल प्रभारी राजन सिंह, कृष्णा विश्वकर्मा, अशोक पासवान, जितेंद्र दीक्षित, शैलेन्द्र प्रताप देव, मुन्ना सिंह, मंटू पाण्डेय, चन्दन चंद्रवंशी, दिनश चंद्रवंशी, अजय पाल, रामलखन मेहता, अनिरुद्ध मेहता, कमलेश चंद्रवंशी, विकास चंद्रवंशी, चिंटू सिंह, छोटू सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।



## प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

बंशीधर न्यूज




**डंडई :** प्रखंड कार्यालय कक्ष में गुरुवार को बीडीओ देवलाल करमाली के अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से महिला स्वयं सहायता समूह के रोजगार सृजन हेतु चर्चा एवं ऋण उपलब्ध कराने विषय पर चर्चा की गई। साथ ही केसीसी ऋण उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुआ। वहीं कल्याण विभाग द्वारा रोजगार सृजन और मुख्यमंत्री ग्राम रोजगार सृजन हेतु ऋण की उपलब्धता पर भी चर्चा की गई तथा कौशल विकास हेतु कुटीर उद्योग से संबंधित प्रशिक्षण एवं कार्यों की जानकारी बताई गई। बैठक के दौरान एलडीएम ने प्रखंड स्तरीय बैंकों को प्रखंड से समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक को लेकर बीडीओ देवलाल करमाली ने बताया कि डंडई में अब मनरेगा मजदूरों का मजदूरी का पैसा भुगतान के दौरान 20 रुपए प्रति वर्ष के हिसाब से बीमा के लिये कटेगा। जिससे मजदूर का 2 लाख का बीमा होगा साथ ही जरूरतमंद मजदूरों का नजदीकी बैंक में खाता भी खुलेगा। साथ ही बैंकरो ने बताया है कि कोई भी मजदूर अपना खाता नजदीकी बैंक में आसानी से खुलवा सकते हैं।



## मां बनीं एक्ट्रेस सोनाली सहगल, बेटी को दिया जन्म

फिल्म 'प्यार का पंचनामा' फेम पॉपुलर बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाली सहगल मां बन गई हैं। सोनाली ने एक बेटी को जन्म दिया है। बच्चे के जन्म से खुश आशीष ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो पोस्ट किया है। बिजनेसमैन आशीष सजनानी से 7 जून 2023 में शादी करने वाली सोनाली सहगल 35 साल की उम्र में मां बन गई हैं। उन्होंने एक बेटी को जन्म दिया है। शादी के डेढ़ साल बाद सोनाली और आशीष एक प्यारी सी बेटी के माता-पिता बन गए हैं। बेटी के जन्म के बाद दोनों बेहद खुश हैं। आशीष ने अस्पताल में डांस करते हुए एक वीडियो शेयर किया और बच्चे के जन्म की खबर अपने फैन्स के साथ शेयर की। इस वीडियो में उनके बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दे रही है। सोनाली ने आशीष सजनानी के साथ पांच साल तक गुपचुप तरीके से एक-दूसरे को डेट किया और डेढ़ साल पहले मुंबई में शादी के बंधन में बंध गए थे। इसके बाद सोनाली ने 16 अगस्त को इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर ये खबर शेयर की कि वो और आशीष माता-पिता बनने वाले हैं। सोनाली की फिल्मों की बात करें तो उन्होंने 'प्यार का पंचनामा', 'जय मम्मी दी', 'सोनू के टीटू की स्वीटी', 'सेटर्स', 'हाइजैक', 'वेडिंग पुलाव' और 'बूंदी' में अभिनय किया है। सोनाली को 'रायता', 'नूरानी चेहरा', 'जाने कहूं से आई है' के लिए भी जाना जाता है।

## वीडियो में नहीं दिखा ऐश्वर्या राय के नाम के आगे 'बच्चन'




बॉलीवुड की खूबसूरत और प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक ऐश्वर्या राय एक्टिंग और खूबसूरती के लिए दुनियाभर में लाखों प्रशंसकों की धड़कन अभी भी बनी हुई हैं। उन्होंने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। पिछले कुछ महीनों से ऐश्वर्या अपने काम की वजह से नहीं बल्कि अपनी निजी जिंदगी की वजह से खबरों में हैं। कहा जा रहा है कि उनके और अभिषेक बच्चन के बीच अनबन चल रही है। ऐसे में दुबई के एक इवेंट का वीडियो वायरल हो रहा है। ऐश्वर्या का इस वीडियो वायरल होने के बाद चर्चा हो रही है कि उन्होंने बच्चन सरनेम हटा दिया है। ऐश्वर्या राय ने हाल ही में दुबई में हुए कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार शेयर किए। इस इवेंट में ऐश्वर्या ने नीले रंग की ड्रेस पर कढ़ाईदार जैकेट पहन रखी थी। इस इवेंट से ऐश्वर्या का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें स्टेज पर आते ही ऐश्वर्या का नाम बड़ी स्क्रीन पर दिखाई देता है, लेकिन स्क्रीन पर दिख रहे उनके नाम के आगे बच्चन नहीं लिखा था। स्क्रीन पर केवल 'ऐश्वर्या राय' और उसके आगे 'इंटरनेशनल स्टार' लिखा था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों का ध्यान इस बात पर गया कि क्या ऐश्वर्या ने अपने नाम से सरनेम बच्चन हटा दिया है। ऐश्वर्या राय का इंस्टाग्राम नाम ऐश्वर्या राय बच्चन है। वह इंस्टाग्राम पर पति अभिषेक बच्चन को भी फॉलो करती हैं। अमिताभ बच्चन के जन्मदिन के मौके पर उन्होंने अपनी बेटी आराध्या की एक तस्वीर उसके दादा अमिताभ के साथ शेयर की थी।

**मुख्यमंत्री ने शहीद सिदो-कान्हू, भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अर्पित की श्रद्धांजलि**



# शहीदों के सम्मान के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत

बंशीधर न्यूज

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ लेने के पहले ही दिन शहीदों को सम्मान देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया।
मुख्यमंत्री ने बोकारो जिला के चंदनक्यारी प्रखंड स्थित फतेहपुर गांव के निवासी शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो की माता हुलासी देवी को अनुग्रह अनुदान राशि के रूप में 10 लाख रुपये का चेक सौंपा। इसके साथ शहीद अग्निवीर के भाई बलराम महतो को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान विधायक कल्पना सोरेन, विधायक उमाकांत रजक और शहीद की बहन लक्ष्मी कुमारी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा से शहीदों के साथ हर कदम पर खड़ी है। राज्य सरकार शहीदों के सम्मान और सहायता के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहीद अर्जुन महतो के परिजनों से कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पदभार ग्रहण किया



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को शपथ लेने के बाद प्रोजेक्ट भवन पहुंचे और वहां पदभार ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य सचिव अलका तिवारी, कैबिनेट सेक्रेट्री वंदना दादेल सहित अन्य आला अफसरों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। साथ ही झारखंड सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद के नेतृत्व में सचिवालय कर्मियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन ने चौथी बार रांची के मोरहाबादी मैदान में प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वह झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री बने हैं।

### रांची के डीसी बने मंजूनाथ भजन्त्री



**रांची।** झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी के पद पर पदस्थापित मंजूनाथ भजन्त्री को रांची जिला का जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त नियुक्त किया गया है। भजन्त्री अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ रांची के बंदोबस्त पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इस संबंध में गुरुवार रात कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं रांची डीसी के पद पर पदस्थापित वरूण रंजन को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक रांची के प्रबंध निदेशक औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। रंजन अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ खान आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

## विधायकों को मिलेगी वाई श्रेणी की सुरक्षा



**रांची।** झारखंड के नवनिर्वाचित विधायकों को वाई श्रेणी की सुरक्षा दी जायेगी। स्पेशल ब्रांच की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया जाएगा। इसके बाद कुछ मंत्रियों और नेताओं को वाई प्लस सुरक्षा भी मिल सकती है। गुरुवार को सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में नयी विधानसभा बनने के बाद विधायकों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच करेगी। सूत्रों की मानें तो झारखंड पुलिस 25 बुलेटप्रूफ गाड़ियों को खरीद रही है। इनमें से पांच गाड़ियां पहले ही आ चुकी है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री के काफिले में भी बुलेट प्रूफ गाड़ियां बदली जाएंगी। सूत्र की मानें तो विपक्ष के नेता और नक्सल क्षेत्र के विधायकों को विशेष सुरक्षा दी जायेगी, सदन में विपक्ष के नेता को वाई प्लस या जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जा सकती है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से आने वाले विधायकों को भी वाई प्लस सुरक्षा देने पर विचार हो रहा है। वहीं विधानसभा चुनाव में हारने वाले विधायकों की सुरक्षा में कटौती होगी। अब उन्हें दो-दो बॉडीगार्ड दिये जायेंगे। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्रियों की सुरक्षा पर अलग से समीक्षा की जायेगी, जिसमें उनकी जेड या वाई प्लस सुरक्षा जारी रखी जा सकती है।

Hit लिस्ट

## पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री हेमंत को दी बधाई



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हेमंत सोरेन को झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट पर लिखा है कि झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हेमंत सोरेन को बधाई। उनके आगामी कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी।

## बाबूलाल ने हेमंत सोरेन को दी शुभकामनाएं

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन को राज्य के चौथी बार मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी है। मरांडी ने एक बयान जारी कर कहा कि उम्मीद है कि हेमंत सोरेन चुनाव के समय जनता से किए गए हर वादे को दृढ़ता से धरातल पर उतारेंगे।

## सड़क निर्माण में लगे रोड रोलर को फूंका

**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के कतारी मोड़ से सोनपुर गढ़ तक बन रही सड़क के निर्माण कार्य में लगे एक रोड रोलर को अज्ञात अपराधियों ने बुधवार की देर रात आग के हवाले कर दिया। इससे रोड रोलर पूरी तरह जलकर बर्बाद हो गया। इस सड़क का निर्माण कार्य खूंटी के शिवकुमार साहू नामक संवेदक द्वारा कराया जा रहा है। बुधवार से ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू हुआ है और देर रात अपराधियों ने रोड रोलर को जला दिया। अपराधियों ने दो अन्य मशीनों को भी जलाने का प्रयास किया, लेकिन उसमें वे सफल नहीं हुए। इस संबंध में तोरपा थाने में मामला दर्ज किया गया है। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि संभवतः यह कुछ आपराधिक तत्वों की करतूत है। वैसे पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि कहीं इसमें किसी उग्रवादी या नक्सली संगठन का हाथ तो नहीं है।

**झारखंड के 24 साल में बने 14 मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन 2013 में पहली बार बने थे मुख्यमंत्री**

# झारखंड के चौथी बार मुख्यमंत्री बनने वाले पहले राजनेता बने हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड राज्य की स्थापना के 24 साल में 14 मुख्यमंत्रियों की शपथ ले चुके हैं। झारखंड में हेमंत सोरेन के चौथीबार मुख्यमंत्री पद व गोपनीयता की शपथ लेने के साथ राजनीतिक रिकॉर्ड बन गया। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही हेमंत सोरेन राज्य के 24 वर्ष के इतिहास में अब तक चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले पहले राजनेता बन गए। उनके पिता शिबू सोरेन और भारतीय जनता पार्टी के अर्जुन मुंडा तीन-तीन बार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ चुके हैं। गुरुवार को मोहराबादी मैदान पर आयोजित शपथग्रहण समारोह में प्रदेश के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हेमंत सोरेन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में इंडिया गठबंधन की भी एकजुटता दिखी। हेमंत सोरेन ने गुरुवार को 14वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। 24 साल के झारखंड में अब तक 14 मुख्यमंत्री हुए। प्रदेश में 2009-2013 के बीच तीन बार राष्ट्रपति शासन भी लग चुका है। इसके अलावा शिबू सोरेन सिर्फ 10 दिन के लिए मुख्यमंत्री बने। निर्दलीय विधायक मधु कोड़ा भी मुख्यमंत्री का पद संभाल चुके हैं। हेमंत सोरेन पहली बार 13 जुलाई 2013 को मुख्यमंत्री बने थे। वे इस पद पर 28 दिसंबर 2014 तक रहे। दूसरी बार 29 दिसंबर 2019 को मुख्यमंत्री बने। वे इस पद पर दो फरवरी 2024 तक रहे। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री बने, जो दो फरवरी से चार जुलाई 2024 तक मुख्यमंत्री पद पर रहे। चंपाई सोरेन का कार्यकाल 153 दिनों का रहा। इसके बाद जेल से जमानत पर रिहा होने के बादहेमंत ने फिर तीसरी बार 4 जुलाई, 2024 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। हेमंत सोरेन ने चौथी बार 28 नवंबर को राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

### कौन कितने समय तक रहा मुख्मंत्री

1. बाबूलाल मरांडी- 15 नवंबर 2000 से 18 मार्च 2003
2. अर्जुन मुंडा- 18 मार्च 2003 से दो मार्च 2005
3. शिबू सोरेन- दो मार्च 2005 से 12 मार्च 2005
4. अर्जुन मुंडा-12 मार्च 2005 से 18 सितंबर 2006
5. मधु कोड़ा- 18 सितंबर 2006 से 28 अगस्त 2008
6. शिबू सोरेन- 28 अगस्त 2008 से 18 जनवरी 2009
7. शिबू सोरेन- 30 दिसंबर 2009 से 31 मई 2010
8. अर्जुन मुंडा- 11 सितंबर 2010 से 18 जनवरी 2013
9. हेमंत सोरेन- 13 जुलाई 2013 से 23 दिसंबर 2014
10. रघुवर दास- 29 दिसंबर 2014 से 28 दिसूंर 2019
11. हेमंत सोरेन- 29 दिसंबर 2019 से 31 जनवरी 2024
12. चंपाई सोरेन- 2 फरवरी 2024 से तीन जुलाई 2024
13. हेमंत सोरेन- 04 जुलाई 2024 से 27 नवंबर, 2024 तक
14. हेमंत सोरेन – 28 नवम्बर, 2024

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)